# कपड़ा कारीगर सिर्फ सप्लायर नहीं अपने ब्रांड के मालिक बनें : योगी

## यूपी टेक्सटाइल कॉन्क्लेव : सीएम ने कहा, यूपी का मतलब अनलिमिटेड पोटेंशियल, टेक्सटाइल हब बनाने का लक्ष्य

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी का मतलब अनलिमिटेड पोटेंशियल। प्रदेश की विरासत, हुनर, उद्योग, उद्यमिता, बड़ा बाजार और दुनिया की सबसे युवा वर्कफोर्स उत्तर प्रदेश की ताकत है। इन्हीं क्षमताओं के सहारे यूपी को वैश्विक टेक्सटाइल हब बनाना है। उन्होंने कहा कि यूपी के कारीगर केवल सप्लायर नहीं, बल्कि अपने ब्रांड के मालिक बनें। सीएम मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दो दिवसीय यूपी टेक्सटाइल कॉन्क्लेव-2026 के उद्घाटन के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि सरकार चाहती है कि एमएसएमई सेक्टर सिर्फ सब-कॉन्ट्रैक्टर नहीं, बल्कि ग्लोबल वैल्यू चेन के पार्टनर बनें। युवा केवल जॉब सीकर नहीं, टेक्सटाइल एंटरप्रेन्योर और इनोवेटर बनें। सीएम ने कहा कि यूपी की टेक्सटाइल पहचान रामायण और महाभारत काल से जुड़ी है। वाराणसी की सिल्क साड़ी, भदोही का कालीन, लखनऊ की चिकनकारी, बरेली की जरी, कानपुर का टेक्सटाइल ईकोसिस्टम और मेरठ का टेक्निकल टेक्सटाइल इसकी समृद्ध परंपरा के उदाहरण हैं। प्रदेश में दो लाख हैंडलूम और पांच लाख से अधिक पावरलूम बुनकर हैं। यूपी फैब्रिक मैन्युफैक्चरिंग में देश में तीसरे स्थान पर है और कुल उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी 13 से 14 फीसदी है। पिछले छह वर्षों में इसमें 56 फीसदी वृद्धि हुई है।

>> कारीगरों के हाथ चले तो ठहर गई नजर : माई सिटी 6



यूपी टेक्सटाइल कॉन्क्लेव में कपड़ा कारोबारी से बात करते सीएम योगी। -एजेंसी

### 2017 से पहले निवेशक वसूली की पर्ची लेकर लौटते थे

सीएम ने पिछली सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि 2017 से पहले माफिया जहां हाथ रख देता, वह जमीन उसकी हो जाती। निवेशक व्यापार का सपना लेकर आता था और वसूली की पर्ची लेकर लौट जाता था। बिजली और विकास एक परिवार तक सीमित था। पर, अब किसी ने बेटी, व्यापारी या निवेशक की सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस किया तो उसके लिए दो ही जगह होंगी- जेल या जहन्नुम। अब कोई यूपी में खुलेआम पिस्टल लहरा कर नहीं चल सकता।

### अराजकता का शिकार बनीं कानपुर की ऐतिहासिक कपड़ा मिलें

योगी ने कहा कि कानपुर की ऐतिहासिक कपड़ा मिलें अराजक व्यवस्था की शिकार बनीं थी। मगहर की कताई मिल 1977 में बनी और 1997 में बंद हो गई। कहा, टेक्सटाइल इंडस्ट्री अब केवल धागे, कपड़े और फैशन तक सीमित नहीं है। टेक्निकल टेक्सटाइल तेजी से उभर रहा है। इसलिए प्रदेश को टेक्निकल टेक्सटाइल में भी ताकत बढ़ानी होगी।

■ **5196 करोड़ के करार :** सीएम ने समारोह में यूपी टेक मित्र पोर्टल लॉन्च किया और हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना की भी शुरुआत की। 5196 करोड़ रुपये के नए निवेश प्रस्तावों के एमओयू हुए। 163 करोड़ रुपये के लेटर ऑफ कम्फर्ट और 60 करोड़ रुपये की सब्सिडी भी वितरित की गई।